जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी।

साक्षात्कार हेतु विज्ञप्ति

आवेदित पद का नाम : असिस्टेन्ट लीगल एड् डिफेन्स काउन्सिल

माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 3606/एसएलएसए–99/2019 (हैदर), दिनांकित 21.11.2025 के अनुक्रम में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 09.12.2025 के अनुसार प्राप्त आवेदन पत्रों में उक्त पदों पर चयन हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के निर्देशानुसार अल्पसूची में नामित असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु दिनांक 25.03.2026 व 27.03.2026 को माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के विश्राम कक्ष में साक्षात्कार हेतु तिथि सुनिश्चित की गई थी जिसके क्रम में साक्षात्कार हेतु विज्ञप्ति दिनांकित 19.03.2026 को जारी की गयी थी।

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र सं0 3663/Admin. (E-I) Section/XC-4/2026, दिनांकित 24.03.2026 के क्रम में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के प्रशासनिक आदेश सं0 51, दिनांकित 24.03.2026 के माध्यम से जनपद न्यायालय में रामनवमी का अवकाश दिनांक 26.03.2026 के स्थान पर दिनांक 27.03.2026 को घोषित किया गया है।

अतः असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद हेतु पूर्व से नियत साक्षात्कार दिनांक 27.03.2026 को स्थगित कर दिनांक 30.03.2026 को नियत किया जाता है। जिसमें अल्पसूची में नामित आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है जिन्हें पृथक रूप से जरिए दूरभाष सूचित किया जायेगा। दिनांक 25.03.2026 को नियत साक्षात्कारों के संबंध में कोई परिवर्तन नही किया गया है।

अतः उक्त पदों पर सदस्यों के चयन हेतु आवेदक अपने मूल योग्यता प्रमाण पत्र के साथ नियत साक्षात्कार दिनांक 30.03.2026 को अपराह्न 02:00 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

दिनांकः 24.03.2026

सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
कौशाम्बी।